# राष्ट्रीय बालश्री सम्मान

## (संशोधित योजना) 2015

## 1.मूल आधार

राष्ट्रीय बाल भवन ने 1995 में राष्ट्रीय बालश्री योजना की शुरुआत की थी। राष्ट्रीय बालश्री सम्मान योजना चार प्रमुख क्षेत्रों में बच्चों की सृजनात्मक क्षमता को पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। बच्चों की सृजनात्मक क्षमता का विकास करने की दिशा में यह राष्ट्रीय बाल भवन की एक पहल है। इस योजना का मूल्यांकन, चयन प्रक्रिया एवं कार्यविधि भिन्न प्रकार की है जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के ख्याति प्राप्त सृजनात्मक कलाकारों तथा विशेषज्ञों के परामर्श पर निरन्तर सुधार की आवश्यकता बनी रहती है। संक्षेप में कहें तो केवल सृजनात्मक प्रक्रिया द्वारा ही निष्पक्ष चयन संभव है। इसलिए जिन साधनों और प्रक्रिया द्वारा बालश्री पुरस्कार के लिए मूल्यांकन किया जाता है, राष्ट्रीय बाल भवन उसमें निरन्तर सुधार के लिए प्रयासरत रहता है। बालश्री पुरस्कार के संबंध में ''राष्ट्रीय बाल भवन के समूचे नेटवर्क में फैली गतिविधियों का मूल्यांकनपरक अध्ययन' (मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा प्रायोजित तथा एनसीईआरटी की देखरेख में शैक्षणिक अनुसंधान विभाग द्वारा तैयार की गयी परियोजना) की सिफारिशों के अनुसार दिशा-निर्देश लेते हुए बालश्री सम्मान की वर्तमान योजना में संशोधन के उद्देश्य से एक समिति का गठन किया गया था। इस समिति द्वारा वर्तमान योजना में परिवर्तन की सिफारिश की गयी थी। इसी आधार पर अनुमोदित संशोधित योजना को वर्ष 2015 से कार्यान्वित किया जा रहा है।

## 2. बालश्री सम्मान

बालश्री सम्मान में निम्नलिखित शामिल हैं

1. एक फलक
2. प्रशस्तिपत्र
3. 15 हजार रुपये की नकद राशि (किसान विकास पत्र)
4. साहित्य सेट (पुस्तकों एवं सी.डी. का सेट)

## 3. पात्रता

**क. 10 – 16 वर्ष (01 अप्रैल, 2015 के अनुसार)**

| **आयु सीमा** |
|---|
| 10 - 12 वर्ष |
| 12+ -14 वर्ष |
| 14+ -16 वर्ष |

**ख. प्रयासों की संख्या**

प्रत्येक बच्चा चयन में दो बार भाग ले सकता है और दूसरा प्रयास केवल **दूसरे आयु वर्ग** में अनुमत्य है। 'राज्य स्तर' पर प्रयास को बालश्री चयन हेतु 'प्रयास' माना जाएगा।

## 4. बालश्री के विषय

| **1. मुख्य विषय** | **उपविषय** |
|---|---|
| क. सृजनात्मक प्रदर्शन : | क. तबला/वा़द्ययंत्र संगीत |
| | ख. कंठ संगीत |
| | ग. नृत्य |
| | घ. थियेटर तथा कठपुतली |

ख. सृजनात्मक कलाएँ : क. दृश्य कलाएँ (डिज़ाइनिंग, ग्राफिक्स तथा डिज़िटल आर्ट)
ख. चित्रकला
ग. मूर्तिकला
घ. शिल्प कला

ग. सृजनात्मक लेखन : क. कविता
ख. कहानी
ग. गद्य
घ. संवाद तथा नाटक

घ. सृजनात्मक वैज्ञानिक नवप्रवर्तन क. वैज्ञानिक मॉडल बनाना
ख. वैज्ञानिक परियोजना
ग. विज्ञान की समस्याओं का समाधान करना
घ. वैज्ञानिक नवप्रवर्तन

## 5. बालश्री चयन के स्तर

चयन तीन स्तरों पर किया जाता है – जिला स्तर, राज्य स्तर तथा राष्ट्रीय स्तर। राज्य तथा राष्ट्र स्तर पर चयन राष्ट्रीय बाल भवन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य केन्द्रों तथा राष्ट्रीय बाल भवन में आयोजित शिविर में किया जाता है। राज्य स्तर पर चयन संबंधी समस्त आयोजन चुने गए राज्य केन्द्रों में किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर, चयन के लिए आयोजन निर्धारित तिथि और समय पर राष्ट्रीय बाल भवन में किया जाएगा जिसकी सूचना राज्य केन्द्रों को दे दी जाएगी।

**क. जिला स्तरीय चयन**

जिला स्तरीय चयन निम्नलिखित संस्थाओं/प्राधिकारियों से प्राप्त नामांकनों के आधार पर किया जाएगा–

**1. सम्बद्ध बाल भवन/बाल केन्द्र**

राष्ट्रीय बाल भवन से सम्बद्ध प्रत्येक बाल भवन तथा बाल केन्द्र राज्य स्तरीय चयन के लिए **प्रत्येक उपविषय (कुल 16) में से एक-एक बच्चे तथा 4 मुख्य विषयों में से एक-एक विशेष श्रेणी (निःशक्त/अनाथ)** बच्चों को नामित कर सकता है। (अर्थात् राज्य स्तरीय चयन के लिए बालश्री के मुख्य विषयों के अंतर्गत दिए गए चार उपविषयों में से किसी भी एक उपविषय में विशेष श्रेणी के एक.एक बच्चे को नामित कर सकता है।)

**2. जिन जिलों में बाल भवन/बाल केन्द्र नहीं हैं वहाँ जिला अधिकारी से नामांकन प्राप्त किए जाएंगे।**

जिन जिलों में कोई बाल भवन/बाल केन्द्र नहीं है वहाँ जिला प्रशासन राज्य स्तरीय चयन के लिए सरकारी विद्यालयों से (केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय सहित) **प्रत्येक उपविषय (कुल 16) में से एक-एक बच्चे तथा 4 मुख्य विषयों में से एक-एक विशेष श्रेणी (निःषक्त/अनाथ)** बच्चों को नामित कर सकता है। (अर्थात् राज्य स्तरीय चयन के लिए बालश्री के मुख्य विषयों के अंतर्गत दिए गए चार उपविषयों में से किसी भी एक उपविषय में विशेष श्रेणी के एक.एक बच्चे को नामित कर सकता है।)

**ख. राज्य स्तरीय चयन**

राष्ट्रीय बाल भवन द्वारा चुने गए सम्बद्ध बाल भवन राज्य स्तरीय चयन के लिए बालश्री मापदण्डों के अनुसार एक दिवसीय शिविर का आयोजन करेंगे। सम्बद्ध बाल भवनों/बाल केन्द्रों तथा जिला अधिकारियों के माध्यम से प्राप्त आवेदनपत्रों की अर्हता हेतु जाँच-पड़ताल राज्य केन्द्रों पर की जायेगी। राज्य स्तरीय चयन हेतु योग्य पाए गए अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि तथा समय पर उनकी रुचि के उपविषय में भाग लेने की अनुमति दी जायेगी। राज्य स्तरीय चयन के दौरान प्रत्येक उपविषय में केवल **दो कार्यकलाप सत्र** होंगे।

राज्य स्तरीय चयन हेतु सृजनात्मक कला, सृजनात्मक प्रदर्शन, सृजनात्मक वैज्ञानिक नवप्रवर्तन तथा सृजनात्मक लेखन आदि चार मुख्य विषयों के अंतर्गत प्रत्येक उपविषय में प्रतिभागी बच्चों के मूल्यांकन के लिए दो विशेषज्ञों की व्यवस्था की जाएगी। प्रत्येक विषय हेतु दुभाषिये/अनुवादक तथा सृजनात्मक लेखन विषय में विशेष श्रेणी प्रतिभागी/प्रतिभागियों के मूल्यांकन के लिए चिह्न भाषा विशेषज्ञ की व्यवस्था भी की जाएगी ।

**ग. राष्ट्र स्तरीय चयन :**

अनुमोदित चयन मापदण्डों के आधार पर राज्य स्तर के प्रतिभागियों में से राष्ट्रीय स्तर के लिए बच्चों को चुना जायेगा तथा चयनित बच्चों की सूची राज्य केन्द्रों को भेज दी जाएगी ताकि वे उन्हें सूचित कर सकें। ये चयनित बच्चे राष्ट्रीय बाल भवन में राष्ट्रीय स्तर की चयन प्रक्रिया में भाग लेंगे।

राष्ट्रीय बाल भवन **'दो दिवसीय राष्ट्रीय शिविर'** का आयोजन राष्ट्रीय बाल भवन में करेगा।

राष्ट्र स्तरीय चयन हेतु भी सृजनात्मक कला, सृजनात्मक प्रदर्शन, सृजनात्मक वैज्ञानिक नवप्रवर्तन तथा सृजनात्मक लेखन आदि चार मुख्य विषयों के अंतर्गत प्रत्येक उपविषय में प्रतिभागी बच्चों के मूल्यांकन के लिए दो विशेषज्ञों की व्यवस्था की जाएगी। प्रत्येक विषय हेतु दुभाषिये/अनुवादक तथा सृजनात्मक लेखन विषय में विशेष श्रेणी प्रतिभागी/प्रतिभागियों के मूल्यांकन के लिए चिह्न भाषा विशेषज्ञ की व्यवस्था भी की जाएगी ।

## 6. मूल्यांकन के मापदण्ड

क. प्रतिभागी का मूल्यांकन उसके द्वारा मुख्य विषय के अंतर्गत चुने गये उपविषय के आधार पर ही किया जायेगा जिसमें राष्ट्रीय बाल भवन द्वारा तैयार की गयी सामग्री (टूल्स) का प्रयोग किया जायेगा।

**सृजनात्मक प्रदर्शन**

| क्र.सं | विवरण | अंक (100) |
|---|---|---|
| 1. | कौशल | 20 |
| 2. | भावना का बोध/अभिव्यक्ति | 20 |
| 3. | मुख्य विषयों की मौलिकता तथा प्रभावशीलता | 40 |
| 4. | समग्र मूल्यांकन | 20 |

सृजनात्मक कलाएं

| क्र.सं | विवरण | अंक (100) |
|---|---|---|
| 1. | प्रक्रिया | 40 |
| 2. | सृजित/बनाई गई वस्तु | 40 |
| 3. | उत्पाद की मौलिकता तथा प्रभावशीलता | 20 |

सृजनात्मक लेखन

| क्र.सं | विवरण | अंक (100) |
|---|---|---|
| 1. | भाषा प्रवाह | 20 |
| 2. | भावना का बोध/अभिव्यक्ति | 20 |
| 3. | मुख्य विषयों में प्रभावशीलता | 20 |
| 4. | मौलिकता तथा समग्र मूल्यांकन | 40 |

सृजनात्मक वैज्ञानिक नवप्रवर्तन

| क्र.सं. | विवरण | अंक (100) |
|---|---|---|
| 1. | प्रक्रिया | 40 |
| 2. | सृजित वस्तु/परिणाम | 40 |
| 3. | परिणाम की मौलिकता एवं प्रभावशीलता | 20 |

ख. उपरोक्त साधनों के अतिरिक्त राष्ट्रीय स्तर के चयन के दौरान, विशेषज्ञ मानकीकृत साधनों का प्रयोग करते हुए प्रतिभागियों की सृजनात्मकता तथा समस्या समाधान की योग्यता का भी मूल्यांकन करेंगे।

## 7. बालश्री पुरस्कारों की संख्या

**कुल 80 पुरस्कार होंगे जिनका वितरण निम्नलिखित आयु वर्गों के अनुसार किया जाएगा।**

**पुरस्कारों का वितरण** **80 पुरस्कार**

क. 10-12 वर्ष आयु वर्ग में 20 पुरस्कार

(i) 10+-12 वर्ष आयु वर्ग में प्रत्येक उपविषय में एक-एक पुरस्कार कुल : 16

(ii) प्रत्येक विषय में निःशक्त श्रेणी के बच्चों हेतु एक-एक पुरस्कार कुल : 04

**ख. 12 -14 वर्ष आयु वर्ग में 20 पुरस्कार**

(i) 12+-14 वर्ष आयु वर्ग में प्रत्येक उपविषय में एक-एक पुरस्कार कुल : 16

(ii) प्रत्येक विषय में निःशक्त श्रेणी के बच्चों हेतु एक-एक पुरस्कार कुल : 04

**ग. 14-16 वर्ष आयु वर्ग में 40 पुरस्कार**

(i) 14+-16 वर्ष आयु वर्ग में प्रत्येक उपविषय में दो-दो पुरस्कार कुल : 32

(ii) प्रत्येक विषय में निःशक्त श्रेणी के बच्चों हेतु दो पुरस्कार कुल : 08

## 8. अंतिम परिणाम

राष्ट्रीय बाल भवन अनुमोदित चयन मापदंडों का पालन करते हुए बालश्री पुरस्कारों की घोषणा करेगा। इस संबंध में राष्ट्रीय बाल भवन का निर्णय अंतिम होगा तथा पुरस्कारों की घोषणा के बाद संशोधन/पुनर्मूल्यांकन के लिए कोई प्रावधान नहीं होगा।

## 9. चुने गए राज्य केन्द्रों की भूमिका

1 अर्हता के लिए आवेदन पत्रों की जाँच
2 विशेषज्ञों की नियुक्ति
3 निर्धारित तिथि तथा समय पर राज्य स्तरीय चयन का आयोजन
4 राष्ट्रीय बाल भवन को राज्य स्तरीय चयन परिणाम भेजना

# National Bal Shree Honour

## Revised Scheme-2015

## 1.RATIONALE

National Bal Bhavan launched National Bal Shree Scheme in 1995. National Bal Shree honour is an initiative of National Bal Bhavan to identify the creative potential of children in four main streams and motivate them to pursue and enhance their creative potential. The evaluation and selection is a complex process and procedure which need constant refinement and inputs from creative artists and experts in various fields. In a nutshell, only a creative procedure can ensure a fair selection. Therefore, National Bal Bhavan is constantly striving to modify and refine the tools and procedures of evaluation for Bal Shree award. Guided by the recommendations of "Evaluation Study of Expansion/extensive activities of entire network of National Bal Bhavan" (A project sponsored by Ministry of Human Resource Development and undertaken by Department of educational research under NCERT) regarding Bal Shree Honour, an expert committee was constituted to revise the existing scheme of Bal Shree Honour. Committee recommended changes in the existing scheme and the approved revised scheme is being implemented from 2015.

## 2. BAL SHREE HONOUR

Bal Shree honour consist of

1. A Plaque
2. Citation
3. Cash Prize of Rs. 15,000 (Kisan Vikas Patra)
4. Literature Set (Consisting of Books/CDs)

## 3. ELIGIBILITY

**a) 10-16 Years (As on 1st April 2015)**

**Age Groups**

10 - 12 Years

12+ - 14 Years

14+ -16 Years

**b) Number of attempts**

Each child can participate maximum two times and the second attempt is permitted only in **another age group**. Attempt made at 'State Level' will be treated as attempt for Bal Shree Selection.

## 4. BAL SHREE STREAMS

| Main Stream | Sub-Stream |
|---|---|
| **I. Creative Performance :** | **a. Percussion/Instrumental Music** |
| | **b. Vocal Music** |
| | **c. Dance** |
| | **d. Theatre and Puppetry** |
| **II. Creative Arts:** | **a. Visual Arts (Designing Graphics and Digital Art)** |
| | **b. Painting** |
| | **c. Sculpture** |
| | **d. Craft** |

III. Creative Writing:
a. Poem
b. Story
c. Prose
d. Dialogues and Play

IV. Creative Scientific Innovation:
a. Science Model Making
b. Science Project
c. Scientific Problem Solving
d. Scientific Innovation

## 5 STAGES OF BAL SHREE SELECTION

The selection is at three levels - District, State and National Level. State and National Level Selection will be as per guidelines of National Bal Bhavan organised at State Centres and National Bal Bhavan respectively. The State Level Selection will be co-ordinated through identified State Centres. The National Level Selection will be conducted at National Bal Bhavan on stipulated date and time which will be communicated to State Centres.

### A. District Level Selection:

District level selection is through nominations received from -

**i. Affiliated Bal Bhavan/Bal Kendras:**

Each Bal Bhavan and Bal Kendra affiliated to National Bal Bhavan can nominate one **Child per sub stream (total 16 sub-streams)** to the State Level Competition. In addition four children under special category (differently abled/orphan candidate) can also be nominated in four main streams. However, only one candidate in any of the four sub-streams under main stream can be nominated under special category.

**ii.** District authorities from districts where there is no Bal Bhavan/Bal Kendras:

From districts wherever there is no Bal Bhavan or Bal Kendra, District Administration will nominate **one Child per sub stream (total 16 sub-streams and four in special category -differently abled/orphan candidate. One each under 4 main stream)** to the State Level Competition from govt. schools including Kendriya Vidyalaya, Navodaya Vidyalaya, etc.

In addition four children under special category (differently abled/orphan candidate) can also be nominated in four main streams. However, only one candidate in any of the four sub-streams under main stream can be nominated under special category to the State Level Competition.

### B. State Level Selection:

Affiliated Bal Bhavan identified by National Bal Bhavan will co-ordinate and conduct the one day State Level Selection as per Bal Shree norms. Applications received from affiliated Bal Bhavans/Bal Kendras and district authorities will be scrutinized at State Centres for eligibility. Eligible candidates will be permitted to attend State level selection in sub-stream of their choice on stipulated date and time. There will be only **two activity sessions** in the State Level Selection in each sub-stream.

For State Level Competition, there will be two resource persons for each sub-stream under Creative Arts, Creative Performance, Creative Scientific Innovation and Creative Writing to evaluate participating children. There will be language interpreter/translator in each stream and also sign language expert for differently abled child/children in case of Creative Writing.

**C. National Level Selection:**

From State level participants, based on approved selection criteria children will be selected for National Level Selection and the list of selected children will be communicated to State Centres for further communication to respective child. These selected children will attend National Level Selection at National Bal Bhavan.

National Bal Bhavan will organize **'two day National Camp'** at National Bal Bhavan.

For National Level Competition also, there will be two resource persons for each sub-stream under Creative Arts, Creative Performance, Creative Scientific Innovation and Creative Writing to evaluate participating children. There will be language interpreter/translator in each stream and also sign language expert for differently abled child in case of Creative Writing.

## 6. PARAMETERS FOR EVALUATION :

A. The participant will be evaluated exclusively on the chosen sub-stream of the main stream, using tools prepared by National Bal Bhavan.

**CREATIVE PERFORMANCE**

| S.No | Particulars | Score (100) |
|---|---|---|
| 1. | Skill | 20 |
| 2. | Perception/ Expression of feeling | 20 |
| 3. | Originality & effectiveness of Central Themes | 40 |
| 4. | Overall Evaluation | 20 |

**CREATIVE ARTS**

| S.No | Particulars | Score (100) |
|---|---|---|
| 1. | Process | 40 |
| 2. | Product | 40 |
| 3. | Originality & effectiveness of Output | 20 |

**CREATIVE WRITING**

| S.No | Particulars | Score (100) |
|---|---|---|
| 1. | Language fluency | 20 |
| 2. | Perception/ Expression of feeling | 20 |
| 3. | Effectiveness of Central Themes | 20 |
| 4. | Originality & Overall Evaluation | 40 |

**CREATIVE SCIENTIFIC INNOVATION**

| S.No | Particulars | Score (100) |
|---|---|---|
| 1. | Process | 40 |
| 2. | Product | 40 |
| 3. | Originality & effectiveness of Output | 20 |

B. In addition to the above at National Level Selection, experts will evaluate the participants for assessment of creativity and problem solving ability using standardized tools.

# 7. NUMBER OF BAL SHREE AWARDS

**There are total 80 AWARDS and these are distributed as below under three age groups.**

**Distribution of Awards**

**(a) 20 Awards in 10-12 years**

(1) One Award for 10+-12 years age group in each sub category. Total = 16

(2) One Award for differently abled category per stream. Total = 04

**(b) 20 Awards in 12-14 years.**

(1) One award for 12+-14 years. age group in each sub category. Total = 16

(2) One Award for differently abled category per streams. Total = 04

**(c) 40 Awards in 14-16 year**

(1) Two Awards for 14+-16 Years. age group in each sub-category. Total = 32

(2) Two Awards for differently abled children in each stream. Total = 08

# 8. FINAL RESULT

National Bal Bhavan will announce the Balshree award following approved selection criteria. Decision of National Bal Bhavan in this regard will be final and there will not be any provision for revision/revaluation after declaration of the award.

# 9. ROLE OF IDENTIFIED STATE CENTRE

1. Scrutiny of application forms for eligibility
2. Engagement of Resource Persons
3. Conduct of State Level Selection on stipulated date and time
4. Forwarding/Handing over of results of State Level Selection to National Bal Bhavan